भारत सरकार
विदेश मंत्रालय

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 392
दिनांक 25.07.2024 को उत्तर दिए जाने के लिए

भारतीयों के लिए वीजा फ्री एंट्री

#392. श्री नीरज डांगी:

क्या ***विदेश*** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या हाल के वर्षों में कई देशों ने भारतीयों के लिए वीजा फ्री एंट्री की घोषणा की है;

(ख) यदि हां, तो उन देशों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या सरकार द्वारा आने वाले वर्षों में कुछ देशों के साथ भारतीयों के लिए वीजा फ्री एंट्री के संबंध में किसी प्रकार के समझौते किए जाने की संभावना है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
विदेश राज्य मंत्री
(श्री कीर्ति वर्धन सिंह)

(क) से (ग) उपलब्ध जानकारी के अनुसार, भारतीय पासपोर्ट धारकों को 16 देश वीजा–मुक्त प्रवेश, 40 देश आगमन पर वीजा सुविधा तथा 47 देश ई–वीजा सुविधा प्रदान करते हैं।

भारत सरकार ऐसे देशों की संख्या बढ़ाने का लगातार प्रयास कर रही है जो भारतीयों को विश्व भर में यात्रा करने में आसानी के लिए वीजा–मुक्त प्रवेश यात्रा, आगमन पर वीजा तथा ई–वीजा सुविधाएं प्रदान कर सकते हैं।

विदेशियों को वीजा–मुक्त प्रवेश की अनुमति देना प्राप्तकर्ता राष्ट्र का संप्रभु मामला है। वीजा–मुक्त प्रवेश/आगमन पर वीजा सुविधा प्रदान करने से संबंधित मामले द्विपक्षीय संबंधों तथा पारस्परिकता के सिद्धांत सहित विभिन्न कारकों पर भी निर्भर करते हैं।

*****